हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 22 अगस्त, 2019/31 श्रावण, 1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 37

सौर ऊर्जा पार्क

337 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने एच0 पी0 पी0 सी0 एल0 के माध्यम से ऊना जिला में सौर ऊर्जा पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा लागत सहित दें?

Hydro Electric Projects

338 Sh. Anirudh Singh (Kasumpti):

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what steps are being taken by the Government for the execution of Chanju-III and Deothal Chanju Hydro Electric Projects; and

(b) by when the construction work of these projects will be completed; details alongwith the expenditure be given?

दाड़नी का बगीचा

339 **श्री अनिरूद्व सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) शिमला शहर के अन्तर्गत दाड़नी का बगीचा नामक स्थान पर वन विभाग द्वारा निर्मित वाटिका का क्षेत्रफल कितना है;

(ख) इस वाटिका में पौधों की सिंचाई हेतु कितनी मोटरें, वॉटर टैंक तथा कितनी मीटर पाइप क्रय की गई; गत छः महीने में कितने पौधे रोपे गये तथा इनकी जीविका दर क्या है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस वाटिका का प्रारूप किस एजेंसी द्वारा तैयार किया गया; प्रारूपकार के नाम व पते सहित ब्यौरा दें; विभाग द्वारा वाटिका का निर्माण कार्य क्यों बन्द किया गया है और क्या सरकार इस वाटिका का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग को सौंपने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण ?

Local Area Development Fund

340 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that SKHEP has not paid LADF amounting to Rs.10 crore to LADC; and

(b) is it also a fact that JSW has also not paid LADF to LADC amounting to crores of Rupees?

Shifting of Polytechnic College

341 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that JSW has consented for locating polytechnic at Urni in its building on token lease amount of Re 1; and

(b) why the Government is not shifting Government Polytechnic Kinnaur from Rohru to Urni where building of JSW is available?

Link Roads

342 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that preparation of DPRs of MLA Priority Schemes of link roads Kalpa-Kanda, NH 05-Grange and Chot-Kanda and Sungra-Kanda have been delayed; reasons be given?

राजकीय महाविद्यालय बड़ोह

343 **श्री अरुण कुमार(नगरोटा) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय बड़ोह के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चंगर क्षेत्र में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सदुं बड़ग्रा के साइंस ब्लॉक के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

बस सुविधा

344 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में ऐसी कितनी सड़कें बनी हैं जो उपमण्डल स्तरीय समिति द्वारा पास की गई हैं परन्तु उन पर बस सुविधा प्रदान नहीं की गई है; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) यदि इन सड़कों पर बड़ी बसें नहीं चलाई जा सकती हैं तो क्या सरकार इन सड़कों पर छोटी बसें चलाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

भवन निर्माण

345 **श्री अरुण कुमार(नगरोटा) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि स्वास्थ्य उप केन्द्र समलोटी व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पठियार के भवन क्षतिग्रस्त होने के कारण पंचायत घरों में चलाये जा रहे हैं; यदि हां, तो इनके भवन निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) यह सत्य है कि चंगर क्षेत्र बड़ोह में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा बढ़ाकर नागरिक अस्पताल कर दिया था; यदि हां, तो लोगों को 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवा दी जाएंगी;

(ग) इसके नए भवन व आवासीय भवन के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(घ) नगरोटा बगवां के कुछ स्वास्थ्य केंद्र (PHC & HSC) जो त्यारा ब्लॉक के अन्तर्गत आते हैं, उनको कब तक नगरोटा बगवां स्वास्थ्य ब्लॉक में सम्मिलित किया जाएगा?

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम

346 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र से प्रतिवर्ष कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) वर्तमान में जिला शिमला में इस कार्यक्रम के तहत जारी निविदाओं के कौन-कौन से कार्य चले रहे हैं; इन सभी कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा योजना के नाम, धनराशि व ठेकेदार के नाम सहित मण्डलवार दें?

लापता की प्राथमिकी

347 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दिनांक 16.12.2018 को रोहड़ू उप-मण्डल के अन्तर्गत जुब्बल थाने में किसी व्यक्ति के लापता होने की प्राथमिकी (F.I.R.) दर्ज की है; यदि हां, तो पुलिस विभाग द्वारा इस व्यक्ति को ढूंढने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं; ब्यौरा दें?

चिकित्सा प्रतिपूर्ति

348 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजस्व विभाग में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के कितने मामले लम्बित हैं तथा इन्हें कब तक निपटा दिया जाएगा?

लकड़ी से आय

349 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा कितनी लकड़ी बाहर भेजी गई और कितनी शेष है; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) इस अवधि में इस क्षेत्र के जंगलों से जो देवदार, चीड़ व काईल की लकड़ी बेची गई उसके एवज़ में प्राप्त धनराशि से क्या सरकार कुछ राशि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को भी देने का विचार रखती है?

हेलीपैड निर्माण

350 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने हेलीपैड बनाने का प्रस्ताव है तथा इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है; स्थान के नाम सहित ब्यौरा दें?

मंदिरों का जीर्णोद्धार

351 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मन्दिरों के जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण हेतु सरकार ने कितनी धनराशि स्वीकृत की है; इसमें से कितनी धनराशि व्यय की गई व कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

पी0 टी0 ए0 अध्यापक

352 **श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकारी स्कूलों में कार्यरत पी0 टी0 ए0 अध्यापकों को जिन्हें कार्य करते 12 वर्ष पूरे हो चुके हैं तथा साढ़े चार वर्ष अनुबंध आधार पर भी हो चुके हैं उन्हें कब तक नियमित कर दिया जाएगा; और

(ख) RTE एक्ट 2009 में 100 बच्चों वाली विषम शर्त में छूट देकर सभी सरकारी स्कूलों में शारीरिक शिक्षकों (PET) व ड्राइंग टीचरों के पदों को बैचवाइज व कमीशन से भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

मैगा फूड पार्क

353 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार ने चिन्तपुरनी में मैगा फूड पार्क के निर्माण का निर्णय लिया है; यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित कर दिया जायेगा?

सड़क निर्माण

354 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि 01 अप्रैल, 2018 से 31 जुलाई, 2019 तक चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी किलोमीटर सड़कें निर्मित की गईं; कितनी निर्माणाधीन हैं व इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

पार्क निर्माण

355 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वन विभाग द्वारा मुबारिकपुर-भरवाईं-चिन्तपुरनी सड़क पर सिद्धचलेढ़ में पार्क बनाने का निर्णय लिया गया है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा?

स्वीकृत धनराशि

356 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में 31 जुलाई, 2019 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस पंचायत को मनरेगा के अन्तर्गत कितनी धनराशि दी गई ; ब्यौरा कार्यवार तथा पंचायतवार दें?

स्वीकृत धनराशि

357 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2019 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में S.D.P, BASP, SDRF,VMJS, LADA, MANREGA व विकास में जन-सहयोग योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि प्राप्त हुई और कितनी व्यय हुई; ब्यौरा योजनावार एवं पंचायतवार दें?

प्राथमिक पाठशाला गुशैणी

358 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पिछले वर्ष राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुशैणी का भवन क्षतिग्रस्त हो गया था; यदि हाँ, तो सरकार इसके पुनर्निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है?

मनरेगा के अन्तर्गत चिन्हित योजनाएं

359 **श्री हीरा लाल (करसोग)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31-07-2019 तक करसोग विकास खण्ड में मनरेगा के अन्तर्गत कितनी योजनाएं चिन्हित की गई हैं तथा इन योजनाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई है; ब्यौरा योजनावार दें?

करसोग बस स्टैण्ड

360 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग बस स्टैण्ड के निर्माण के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है और इसमें कितनी मन्जिलों का निर्माण प्रस्तावित है तथा इसका कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा?

विश्राम गृह रजाना

361 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह रजाना कब बनकर तैयार हुआ था और इसके निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय हुई थी; और

(ख) यह सत्य है कि यह विश्राम गृह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं; यदि हां, तो इसकी मरम्मत हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा

362 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक सिरमौर जिले में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है और कितनी व्यय की गई; ब्यौरा निर्वाचन क्षेत्र व योजनावार दें?

विधायक प्राथमिकता

363 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी डी0पी0आरज0 तैयार की गईं; ब्यौरा योजनावार दें?

Complaints of Irregularities

364 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last two years upto 31.07.2019, how many complaints of irregularities have been received by the Deputy Commissioner Sirmour against Panchayat Pradhans and employees of Shillai Block; details be given; and

(b) what action have been taken by the Government in the matter; a copy of complaint and action taken report be laid on the Table of the House?

Sanctioned Funds

365 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last year upto 31.07.2019, how much funds have been sanctioned in Shillai and Paonta Blocks by the Deputy Commissioner Sirmour under various heads; details be given?

Sanctioned Schemes

366 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last three years upto 31.07.2019, how many schemes have been sanctioned under MNREGA, Decentralized Planning, Backward Area Sub Plan and Fourteenth Finance Commission in Bali Koti, Kunth, Manal, Koti Bonch, Kando Bhatnol and Bandli Panchayats; details of each scheme along with amount sanctioned be given; and

(b) how many schemes are still incomplete; details be given?

Damaged Road

367 **Sh. Ram Lal Thakur (Sri Naina Deviji):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many roads have been damaged by JIO Company for cable laying; Division-wise details be given;

(b) is it a fact that Draman-Sihunta road constructed under World Bank has also been badly damaged; and

(c) if yes, how much amount has been depostited by the said Company with Public Works Department?

सड़क निर्माण

368 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कलखर से नेरचौक (डडौर) राष्ट्रीय उच्च मार्ग का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा, इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है; और

(ख) रिवाल्सर-घौड़ानाला से दूसरा खाबू, खांदी मोड़ वाया छजवाणखाबू-दरब्यास, राजगढ़ कोयला माता जी मन्दिर-सेगली मौंवीसेरी और पलाही-गरौडू-वीणा सड़कों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

नगर परिषद् नेरचौक

369 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि नेरचौक नगर परिषद् के गठन उपरान्त कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; किस-किस वॉर्ड में कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी शेष है; कितने कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्र

370 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्र समलौण (खखरीयाना),नलसर, वरस्वाण व मल्वाणा में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित हैं, कितने रिक्त हैं तथा इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) इन स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा इनका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा ?

टारिंग की मोटाई

371 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश की सभी सड़कों/मार्गों पर यातायात में हो रही लगातार वृद्धि तथा भारी वाहनों की आवाजाही के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाने वाली टारिंग की मोटाई को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

डायलिसिस की सुविधा

372 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार सभी जिला अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु डायलिसिस यूनिट स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक; और

(ख) वर्तमान में प्रदेश में कितने ट्रॉमा सैंटर हैं तथा कहां-कहां स्थित हैं; ब्यौरा दें?

सड़कों का निर्माण

373 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में जायका के अन्तर्गत विभिन्न जिलों में कितनी सड़कों का निर्माण किया गया है; और

(ख) इन सड़कों की लम्बाई तथा व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 6 अगस्त, 2019. **सचिव।**